Newsletter
NAV BHARAT JAGRITI KENDRA
NBJK
सूचनापत्र
नव भारत जागृति केन्द्र
CELEBRATING 50 YEARS
April - June 2021 www.nbjk.org अप्रैल - जून 2021

## Countering Corona with Care Center, Care Camps, Life Saving Medicines-Devices, Dry Ration & Others

During dreadful second wave of COVID-19, NBJK came forward with a COVID Care Center at the organization run LNJP Eye Hospital, Bahera (Chauparan, Hazaribag). On 6th May 2021, this was initiated with support of Hon. MP-Hazaribag Mr. Jayant Sinha and other organizations/individual like CCL, TVS, Bread For the World, Action Village India, Mission for Vision, Bihar Foundry and Castings Limited, R Jhunjhunwala Foundation and Shri Roushan Lal Jee. Hon. MP has inaugurated the Center online on 11 May 2021.

The COVID Care Center has been allocated total 30 beds including 20 beds with Oxygen support and this served total 33 patients (Female-05, Male-28) suffering from COVID-19 while after treatment, 26 patients have been discharged with negative report. But at the same time this is sad to accept that 4 persons couldn't be saved despite best efforts. Generally all incoming patients belong to different remote villages of Chauparan block and 20 have been provided their proper treatment free of any cost. With support of Schroders-Singapore, NBJK organizes COVID Care camps at Panchayat level in Hazaribag, Gaya & Chatra districts to save people in remote villages. At such 24 camps during the period of 14 May-11 June 2021, 1322 villagers gone through checkup of their oxygen level-body temperature-pulse rate and symptomatic people have got related medicines. It handed over 12 oximeters to responsible persons like headmen, teachers in far-off villages. Mrs. Manju Agrawal (Hon. MLA-Sherghati) and Mr. Vijay Manjhi (Hon. MP-Gaya) have participated in such camps. With help of Arghyam-Bangalore, NBJK distributed Oximeters among 324 and Vaporizers amid 81 Covid patients on Use & Return basis in Hazaribag Sadar, Katkamdag, Katkamsandi, Daroo, Churchu, Chauparan & Ichak blocks of Hazaribag district. This helped people to monitor their oxygen level, towards readiness for medical support and helped them to fast recovery with regular steam inhaling. Likewise with help of HDFC Bank, an awareness campaign was launched by NBJK to battle with Covid in the villages of Chanho block of Ranchi district. This included miking with leaflet & mask distribution among people. The campaign has covered 15 villages, helped to reduce panic of the pandemic and communicated about prohibitory measures against Cororna. With aid from GiveIndia, US GiveIndia Foundation, Skoll Foundation and Linde, NBJK started Covid Care Rural Outreach Camps with aim to access minimum 9000 people in 450 villages of Hazaribag district. Mr. Manish Jaiswal (Hon. MLA, Hazaribag Sadar) inaugurated the program. This provides medicines to villagers suffering from cold-cough-fever or COVID like symptoms after their checkup. Besides that, checkup of blood pressure-blood sugar-cataract is available for the persons of 40-50 years age group and NBJK run LNJP Eye Hospital; Bahera (Chauparan) will conduct their cataract surgery free of cost under REH program with support of Sightsavers. During the camps, NBJK provides Oximeter & Infrared Thermometer to Rural Medical Practitioners for better treatment of villagers. With support of GiveIndia, NBJK offers Rs. 15,000 to Covid deceased families to initiate any income generation activity and trying to provide one month's ration to such families or to others from weaker section. Azim Premji Philanthropic Initiatives Pvt. Ltd. & Goonj have supported to provide edible essentials for such 800 families. All the initiatives are going on in the field successfully and people get their benefits without doubt.



## कोरोना का सामना – कोविड केयर सेंटर, स्वास्थ्य शिविर, दवा–उपकरण, भोजन सामग्री और अन्य

कोविड–19 की इस घातक दूसरी लहर का सामना करते हुए एनबीजेके प्रबंधन ने संस्था संचालित लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल, बहेरा (चौपारण, हजारीबाग) में एक कोविड केयर सेंटर स्थापना का निर्णय लिया. 6 मई 2021 को हजारीबाग के माननीय सांसद श्री जयंत सिन्हा जी के साथ सीसीएल, टीवीएस, ब्रेड फॉर दि वर्ल्ड, एक्शन विलेज इंडिया, मिशन फॉर विजन, बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड, आर. झुनझुनवाला फाउंडेशन और श्री रौशन लाल जी सदृश संस्थाओं/व्यक्तियों की सहायता से इसकी शुरुआत हुई. माननीय सांसद ने 11 मई को इस कोविड केयर सेंटर का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया था.

इसमें कुल 30 बेड हैं और 20 में ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है. अबतक इस कोविड केयर सेंटर में 33 कोरोना पीड़ित मरीजों (बच्चे–00, महिला–5, पुरुष–28) का इलाज हुआ है, जिनमें 26 को पूर्ण स्वस्थ होने के बाद पुनः जांचोपरांत नेगेटिव रिपोर्ट आने पर घर भेज दिया गया लेकिन दुःख के साथ यह भी स्वीकार करना पड़ता है कि काफी प्रयास के बावजूद ऐसे 4 रोगियों को नहीं बचाया जा सका. इस सेंटर में आये लगभग सभी रोगी चौपारण प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों से थे और उनमें से 20 की चिकित्सा निःशुल्क हुई.

श्रोडर्स–सिंगापुर की सहायता से एनबीजेके द्वारा हजारीबाग, गया और चतरा जिलों में पंचायत स्तर पर कोविड केयर शिविरों का आयोजन भी किया रहा है. 14 मई से 11 जून के बीच ऐसे 24 कोविड केयर शिविरों में 1322 ग्रामीणों के ऑक्सीजन स्तर और शरीर तापमान की जांच कर कोरोना से मिलते–जुलते लक्षणों वाले लोगों को दवाइयां दी गयीं. सुदूर गांवों में जिम्मेदार व्यक्ति जैसे मुखिया, शिक्षक अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता को 12 ऑक्सीमीटर भी प्रदान किये गये ताकि लोगों को ऑक्सीजन जांच की सुविधा मिल सके. ऐसे शिविरों में शेरघाटी की माननीय विधायक श्रीमती मंजू अग्रवाल और गया के माननीय सांसद श्री विजय मांझी ने भी भाग लिया.

इसी प्रकार अर्घ्यम–बंगलोर के सहयोग से हजारीबाग जिला के सदर, कटकमदाग, कटकमसांडी, दारू, चुरचू, चौपारण और इचाक प्रखंडों में "उपयोग करें–वापस करें" नीति पर 324 कोविड रोगियों को ऑक्सीमीटर और 81 रोगियों को वेपोराइजर उपलब्ध करवाये गये. इसकी वजह से लोगों को अपने ऑक्सीजन स्तर की निगरानी में मदद मिली, उन्होंने समय रहते चिकित्सक से संपर्क किया और नियमित भाप लेकर रोगमुक्त हुए.

एचडीएफसी बैंक की मदद से रांची जिला के चान्हो प्रखंड स्थित 15 गांवों में 14 से 17 मई तक कोरोना महामारी से बचाव हेतु एक जागरुकता अभियान आयोजित किया गया. इसमें माइकिंग के साथ पर्चा और मास्क वितरण जैसी गतिविधियों के साथ एनबीजेके कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संपर्क कर वहां व्याप्त भय को कम करते हुए बचाव संबंधी उपायों को सुनिश्चित किया. 15 जून को एनबीजेके ने गिवइंडिया, यूएस गिवइंडिया फाउंडेशन, स्कोल फाउंडेशन और लिंडे इंडिया के समर्थन से हजारीबाग जिला के 450 गांवों में लगभग 9000 लोगों तक पहुँचने वाले कोविड केयर रूरल आउटरीच शिविर आयोजन की शुरुआत किया है. उद्घाटन समारोह में हजारीबाग सदर के माननीय विधायक श्री मनीष जायसवाल उपस्थित थे. इन आउटरीच शिविरों में सर्दी–खांसी–बुखार/कोविड लक्षणों से पीड़ित लोगों के जांचोपरांत उन्हें दवाइयां दी जा रही हैं और 40–50 वर्ष की उम्र वाले लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, मोतियाबिंद की जांच कर उन्हें संस्था संचालित एलएनजेपी आँख अस्पताल, बहेरा में साइटसेवर्स की सहायता से संचालित ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा से जोड़ा जा रहा है. इन आउटरीच शिविरों में ग्रामीण चिकित्सकों को ऑक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर भी प्रदान किये जा रहे हैं ताकि ग्रामवासियों को बेहतर सेवा मिल सके.

गिवइंडिया की मदद से ही एनबीजेके ने कोविड की वजह से अपने कमाऊ सदस्य खोने वाले परिवार को किसी आयसृजक गतिविधि हेतु 15 हजार रु० की आर्थिक सहायता की घोषणा किया है और ऐसे परिवारों/कमजोर वर्ग के अन्य परिवारों को एक महीने का राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है. अजीम प्रेमजी फिलैन्थ्रोपिक इनिशियेटिव्स प्रा. लि. और गूंज जैसी संस्थाओं ने ऐसे 800 परिवारों को खाद्य सामग्री देने में सहायता प्रदान किया है. क्षेत्र में उपरोक्त सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा रहा है और निस्संदेह लोगों को उनका लाभ भी मिला है.

## Murhu Nari Shakti Kisan Producer Co. Ltd. addresses marketing problem

April-June 2021, Kunti: Murhu Nari Shakti Kisan Producer Co. Ltd., the company promoted under the program of "Lakhpati Kisan-Smart Village" by NBJK with support of CInI-Tata Trusts, has initiated to address marketing problem of Farmers' Producer Groups.

These groups are associated with MNSKPCL and during lockdown caused by COVID-19 second wave in Jharkhand, the farmers were anxious about marketing of different high value farm produces they grow usually. Mr. Mohit Purty (Manager, NBJK-Khunti) says that despite lockdown we could be able to arrange marketing of Tomato-78 MT, Watermelon-305 MT, Tamarind-10 MT, Jackfruit-12 MT, Mango-32 MT and Goat-60 nos. There was low demand and we have tried to transport our produces to other districts like Ranchi, West Singhbhum, Dhanbad etc as these have market linkages to Odisha, West Bengal & Bihar; he comes with a reason.



Currently 8 to 10 farmers' groups with more than 100 women farmers are very active and making income through MNSKPL, now co-opted by JOHAR project of JSLPS too.

## Activities of SBI Gram Seva Project

April-June 2021, Chakai & Deoghar: During last few months in 10 villages of Chakai & Deoghar Sadar blocks respectively, NBJK run SBI Gram Seva project with support of SBI Foundation-Mumbai has focused upon sustainable use of the assets created by the project earlier.

The beneficiaries have organized meetings of Village Development Committees for this purpose. The project has promoted convergence with Govt. schemes on old aged pension, agriculture, crop insurance, opening of bank account etc. as well as ensured people's participation in awareness events on COVID-19, Women's Day and Republic Day. Also the project team has provided capacity building training to SHG women upon pragmatic utilization of small loan, kitchen gardening and ensured their training on different income generation skills at Rural Self Employment Training Institutes.



On 21 June, the children & youths of Remedial Coaching Centers and Community Information Centers at project villages have celebrated International Yoga Day enthusiastically. In Chakai block of Jamui district of Bihar, the villages namely Heth Chakai, Mamtadih, Patjori, Garhi and Chhachhudih while in Sadar block of Deoghar district of Jharkhand, Ramaldih, Sahari, Barsatiya, Gadi and Nawadih villages fall under the project.

## COVID Preventive Measures & Other Events at Lord Buddha Home for Children

April-June 2021, Silaunja (Bodhgaya): Founded with support of Stichting Kinderhulp Bodhgaya-the Netherlands and NBJK run Lord Buddha Home for Children has taken preventive measures against COVID-19 for the orphan children live here. There are total 59 persons including 48 children, 4 mothers, 3 support staffs and 2 management staffs in the campus those followed concerned guidelines strictly and all are safe. The inmates adhered with the rules like mask wearing, social distancing and proper hand washing with soap-sanitizer, likewise continued regular games with Yoga practice and minimum outings completely. The management took care for cleanliness of the premises and keeping view of the pandemic threat later, it sent 40 children to safer places for the time being and 8 children were at the Home but all the children are secured. Also it inclined for vaccination of all children when the Government will open the drive while most of the staffs have been vaccinated or in process of the same.



On 5 June, LBHC children have celebrated World Environment Day by sowing 19 plants of 13 verities in the campus with a protection oath. Likewise on 21 June, the children, mothers and staffs of LBHC & Komal Pujan Public School have observed International Yoga Day with demo by a group of children under guidance of Md. Nayeem (Asst. Manager, LBHC) and Dr. Anil Kumar Tripathi (Principal, KPPS). They addressed the children on the theme "Yoga for Health" and talked about its importance in context of COVID-19 when we need a better immune with healthy respiratory organs and many more.

## मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोडयूसर कं० लि० का मार्केटिंग प्रयास

अप्रैल–जून 2021, खूंटी : एनबीजेके द्वारा सिनी–टाटा ट्रस्ट्स के सहयोग से संचालित "लखपति किसान–स्मार्ट विलेज" कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहित मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कं० लि० ने कृषकों के उत्पादन समूहों की मार्केटिंग संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास किया है.

ये कृषक समूह एमएनएसकेपीसीएल से जुड़े हुए हैं और झारखंड में वैश्विक महामारी कोविड–19 की दूसरी लहर के कारण लगे लॉकडाउन में उन्हें अपने उत्पादों को बेचने में कठिनाई हो रही थी. श्री मोहित पूर्ती (प्रबंधक, एनबीजेके–खूंटी) कहते हैं कि लॉकडाउन के बावजूद हम लोगों ने 78 एमटी (मेट्रिक टन) टमाटर, 305 एमटी तरबूज, 10 एमटी इमली, 12 एमटी कटहल, 32 एमटी आम और 60 बकरियों की मार्केटिंग करने में सफलता पायी है. सब कुछ बंद रहने से सामान्य मांग बहुत कम थी लेकिन हम लोगों ने अपने उत्पादों को रांची, पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद आदि जिलों में भेजने की कोशिश किया क्योंकि वहां के व्यवसायियों का संपर्क ओड़िशा, बंगाल, बिहार के बाजारों से है, उन्होंने बतलाया.

वर्तमान में 100 से अधिक महिलाओं की सदस्यता वाले 8 से 10 कृषक समूह काफी सक्रिय हैं और मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कं० लि० से जुड़कर उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है. एमएनएसकेपीसीएल का संबंधन झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसाइटी की जोहार परियोजना से भी है.

## एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना की गतिविधियां

अप्रैल–जून 2021, चकाई व देवघर : पिछले कुछ महीनों के दौरान चकाई और देवघर सदर प्रखंडों के 10 गांवों में एसबीआइ फाउंडेशन–मुंबई समर्थित एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना अंतर्गत पूर्व सृजित परिसंपत्तियों के बेहतर, स्थायी सदुपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया है.

इस उद्देश्य से आयोजित ग्राम विकास समितियों की बैठक में लाभुकगण काफी सक्रिय रहते हैं. परियोजना द्वारा वृद्धा पेंशन, कृषि, फसल बीमा, बैंक अकाउंट खोलने जैसी सरकारी योजनाओं से जुड़ाव को प्रोत्साहित किया गया है और कोविड–19, महिला दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे जागरुकता आयोजनों में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की गयी है. इनके अलावा परियोजना टीम ने स्वमदद समूहों से जुड़ी महिलाओं को छोटे ऋणों के व्यावहारिक उपयोग, किचन गार्डनिंग हेतु अभिप्रेरित किया है और एसबीआइएफ संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्रों में भी उन्हें विभिन्न आयसृजक कौशलों का प्रशिक्षण मिला है.

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इन गांवों में परियोजना संचालित रिमीडियल कोचिंग केंद्रों और सामुदायिक सूचना केंद्रों से जुड़े बच्चों–युवाओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास किया. विदित हो कि बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चकाई प्रखंड में हेठ चकाई, ममताडीह, पाटजोरी, गरही और छछूडीह के साथ झारखंड के देवघर जिला में सदर प्रखंड स्थित रमलडीह, सहरी, बरसतिया, गादी और नावाडीह गांवों में एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना का कार्यक्षेत्र है।

## लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन में कोविड सुरक्षा उपाय और अन्य कार्यकलाप


अप्रैल–जून 2021, सिलौंजा (बोधगया): एसकेबी–नीदरलैंड के सहयोग से स्थापित और एनबीजेके संचालित लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन में रह रहे अनाथ बच्चों को कोविड–19 के खिलाफ सुरक्षित रखने हेतु अनेक बचाव उपायों को अपनाया गया. एलबीएचसी परिसर में कुल 59 लोग रहते हैं, जिनमें 48 बच्चे, 4 माताएं, 3 सहायताकर्मी और 2 प्रबंधन कार्यकर्ता हैं. उन्होंने कोविड सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन किया और सुरक्षित रहे.

सभी अंतेवासियों ने मास्क पहनने, सामाजिक दूरी रखने, साबुन–सैनिटाइजर से हाथ साफ रखने जैसे सामान्य नियमों के अनुपालन के साथ नियमित खेल–योगाभ्यास और अनावश्यक बाहर नहीं जाने का निर्णय लिया. परिसर की स्वच्छता पर ध्यान दिया गया लेकिन महामारी का प्रकोप जब काफी बढ़ गया तो 40 बच्चों को कुछ दिनों के लिए अधिक सुरक्षित स्थानों पर भेज कर सिर्फ 8 बच्चों को वहां रखा गया. सरकार की ओर से जब भी बच्चों के टीकाकरण की घोषणा होगी तो सभी बच्चों को टीका लगवाया जाएगा, जबकि अधिकांश कार्यकर्ताओं ने टीका लगवा लिया है अथवा उस प्रक्रिया में हैं.

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एलबीएचसी के बच्चों ने परिसर में 13 प्रकार के 19 पौधे लगाये और उनकी सुरक्षा करते रहने की शपथ ली. इसी प्रकार 21 जून को एलबीएचसी और संस्था संचालित कोमल पूजन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विश्व योग दिवस मनाया. इस अवसर पर मो० नईम (सहायक प्रबंधक, एलबीएचसी) और डॉ० अनिल त्रिपाठी (प्राचार्य, केपीपीएस) ने "स्वास्थ्य के लिए योग" विषय पर प्रकाश डालते हुए कोविड–19 के संदर्भ में बेहतर शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता हेतु योग को जरूरी बतलाया. बच्चों ने सामूहिक योगाभ्यास भी किया.

## Inauguration of COVID Care Center at LNJPEH, Bahera

11 May 2021, Bahera (Chauparan), Hazaribag: Mr. Jayant Sinha (Hon. MP-Hazaribag) has inaugurated Covid Care Center online at NBJK run Loknayak Jai Prakash Eye Hospital. The initiative is supported by Central Coalfields Ltd., TVS Motor Co., Bread for the World, Action Village India, Mission for Vision, Bihar Foundry & Castings Ltd., R. Jhunjhunwala Foundation and Shri Roshan Lal. This 30 bedded CC Center is situated on the hospital's 3rd floor constructed with support from Aditya Birla Capital. The Center has been established and completed in record time under able guidance of the honorable MP. Currently 5 oxygen supported beds are functional here with chances to add 20 such beds soon. Mr. Sinha assured to initiate two more CCCs at Hazaribag and a nearby block with capacity of 50 oxygen supported beds. On this occasion Mr. Girija Satish (President, NBJK) has expected for full co-operation from people, their representatives and said that NBJK is trying to mobilize fund to provide free of cost treatment for COVID-19 suffering poor laborers. On 16th May, he announced about free of cost treatment for all at the CCC. The online inaugural program was participated by Mr. Mukesh Sinha, Mr. Manish Sinha, Mr. Rajesh Sahay, Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK), Mr. Gandharv Gaurav (Program Director, NBJK), Mr. Anand Abhinnav (Program Director, NBJK), Mr. Sudeep Abhishek Bara (Manager, LNJPEH) and Mr. Karunanidhi (Asst. Manager, LNJPEH).



## एलएनजेपी आँख अस्पताल, बहेरा में कोविड केयर सेंटर का उद्घाटन

11 मई 2021, बहेरा (चौपारण), हजारीबाग : एनबीजेके संचालित लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल में खुले कोविड केयर सेंटर का ऑनलाइन उद्घाटन हजारीबाग के माननीय सांसद श्री जयंत सिन्हा द्वारा किया गया. इस प्रयास को सेंट्रल कोलफील्ड्स लि०, टीवीएस मोटर कं०, ब्रेड फॉर दि वर्ल्ड, एक्शन विलेज इंडिया, मिशन फॉर विजन, बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लि०, आर. झुनझुनवाला फाउंडेशन और श्री रोशन लाल का सहयोग मिला है.

30 बेड का यह कोविड केयर सेंटर आँख अस्पताल में आदित्य बिरला कैपिटल के सहयोग से बने तीसरे तल्ले पर अवस्थित है, जिसे मा० सांसद के सुयोग्य मार्गदर्शन के तहत रिकॉर्ड समय में स्थापित किया गया और फिलहाल यहाँ ऑक्सीजन से जुड़े 5 बेड हैं, जिन्हें बढ़ाकर शीघ्र ही 20 बेड किया जाएगा. श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि जल्द ही हजारीबाग और किसी निकटवर्ती प्रखंड में 50 ऑक्सीजन युक्त बेड की क्षमता वाले दो और कोविड केयर सेंटर खोले जाएंगे.

इस अवसर पर श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके) ने आम लोगों और जनप्रतिनिधियों से पूर्ण सहयोग मिलने की अपेक्षा दर्शायी और कहा कि कोरोना महामारी से पीड़ित मजदूरों के मुफ्त इलाज हेतु संस्था की ओर से निधि संग्रह के प्रयास जारी हैं. इसी क्रम में 16 मई को उन्होंने कोविड केयर सेंटर में सबों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सेवा की घोषणा किया था.

इस ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में सर्वश्री मुकेश सिन्हा, मनीष सिन्हा, राजेश सहाय, सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके), गंधर्व गौरव (कार्यक्रम निदेशक, एनबीजेके), आनंद अभिनव (कार्यक्रम निदेशक, एनबीजेके), सुदीप अभिषेक बाड़ा (प्रबंधक, एलएनजेपीइएच) और श्री करूणानिधि (सहायक प्रबंधक, एलएनजेपीइएच) शामिल थे.

## MLA & MP Visit Covid Care Camps

30-31 May & 4 June 2021, Sherghati & Barachatti (Gaya): With support of Schroders-Singapore, NBJK has organized Covid Care Camps attended by 134 persons at Srirampur and Chanpi panchayats of Sherghati block. Mrs. Manju Agrawal (Hon. MLA, Sherghati), Mr. Jitendra Singh (MLA's Representative) and Mr. Sanjay Singh (Mukhiya, Srirampur panchayat) have mobilized people to have fever-oxygen level checkup, medicines & awareness through the camp.

On 4 June at Bongiya village of Mohanpur block, Mr. Vijay Manjhi (Hon. MP, Gaya) has visited such a camp and went through checkup of Oxygen Level, Temperature & Pulse Rate. He said about Anti-COVID preventive measures and Mask-Vaccine to all. Hon. MP has opposed superstitions and praised NBJK-Lok Samiti for constant efforts to make people's lives better.



## विधायक और सांसद का कोविड केयर शिविरों में आगमन

30–31 मई व 4 जून 2021, शेरघाटी–बाराचट्टी (गया): श्रोडर्स–सिंगापुर के सहयोग से शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत श्रीरामपुर और चांपी पंचायत में एनबीजेके द्वारा आयोजित कोविड केयर शिविरों में ऑक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर की सहायता से 134 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवायी गयीं. इन शिविरों के आयोजन में शेरघाटी की माननीय विधायक श्रीमती मंजू अग्रवाल का काफी सहयोग मिला और उन्होंने आम लोगों को स्वास्थ्य जांच हेतु प्रेरित किया. उनके साथ श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया श्री संजय सिंह और विधायक प्रतिनिधि श्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे. 4 जून को मोहनपुर प्रखंड के बोंगिया गांव में लगाये गये ऐसे ही एक शिविर में गया के माननीय सांसद श्री विजय मांझी का आगमन हुआ और उन्होंने अपने शारीरिक तापमान के साथ ऑक्सीजन स्तर की जांच करवायी. उन्होंने उपस्थित लोगों को कोविड से बचने के तरीकों, मास्क, टीकाकरण संबंधी जानकारी देते हुए इस वैश्विक महामारी को लेकर लगातार फैल रही भ्रांतियों से दूर रहने हेतु सचेत किया. माननीय सांसद ने एनबीजेके–लोक समिति की ओर से लोगों के जीवन को लगातार बेहतर बनाने संबंधी प्रयासों की सराहना भी किया.

## NBJK Organizes COVID Care Rural Outreach Camps

24 June 2021, Hazaribag: With support of GiveIndia, US GiveIndia Foundation, Skoll Foundation and Linde, NBJK is organizing COVID Care Rural Outreach Camps in rural areas at panchayat level.

During 15-23 June, such outreach camps have covered 66 villages of 16 panchayats in Hazaribag Sadar, Daroo, Ichak, Vishnugarh blocks of the district. These attended 976 OPD with sugar test for 233 and identified cataract with 51 & pterygium with 6. NBJK run LNJP Eye Hospital, Bahera (Chauparan, Hazaribag) will take care of the people suffering from eye problems under its Rural Eye Health program with support of Sightsavers India.

At the camps, medicines are being distributed among patients of cough, cold, throat infection and 16 Rural Medical Practitioners have received the sets of Oximeter & Infrared Thermometer to improve their easily accessible service for villagers. There is a 10 members team consisted to hold Covid Care Rural Outreach Camps. Dr. (Mrs.) Megha Sinha and Dr. Krishna Kumar are the physicians with the team.




## कोविड केयर रूरल आउटरीच शिविरों का आयोजन

24 जून 2021, हजारीबाग : गिवइंडिया, यूएस गिवइंडिया फाउंडेशन, स्कोल फाउंडेशन और लिंडे के सहयोग से एनबीजेके द्वारा हजारीबाग जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर कोविड केयर रूरल आउटरीच शिविरों का आयोजन लगातार सफलतापूर्वक किया जा रहा है.

15–23 जून के दौरान आयोजित इन शिविरों के अंतर्गत हजारीबाग सदर, दारू, इचाक, विष्णुगढ़ प्रखंडों के 16 पंचायतों में 66 गांवों के 976 लोगों की जांच हुई, 233 का शुगर टेस्ट हुआ, मोतियाबिंद के 51 और टेरिजियम के 6 मरीजों की पहचान हुई. आँखों की समस्या से ग्रस्त मरीजों का इलाज संस्था संचालित एलएनजेपी आँख अस्पताल, बहेरा में साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से संचालित रूरल आइ हेल्थ कार्यक्रम के तहत निःशुल्क किया जाएगा.

इन शिविरों में सर्दी, खांसी, बुखार, गला संक्रमण आदि से पीड़ित रोगियों को दवाइयां मिल रही हैं और 16 ग्रामीण चिकित्सकों को ऑक्सीमीटर–इंफ्रारेड थर्मामीटर प्रदान किये गये.

शिविर आयोजन में 10 कार्यकर्ताओं की एक टीम लगी है और बतौर चिकित्सक डॉ० (श्रीमती) मेघा सिन्हा और डॉ० कृष्ण कुमार अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

## Memories of Emergency 25 June 1975: A Symposium

25 June 2021, Hazaribag: On 25th June a symposium on "Memories of Emergency 25 June 1975" held at NBJK co-ordination office. Mr. Swarup Chand Jain (Advocate) has chaired the event. Mr. Girija Satish (President, NBJK & National Lok Samiti) introduced the theme and said that Emergency regime was a form of dictatorship which permitted arbitrary actions of the Government to torture common people. He called kindness, collective decision and honor to people's views as vital ingredients of any democratic system and to restore these values we must get rid of the prejudices related to caste, religion, race, region, language etc. Mr. Gautam Sagar Rana (Ex-MLA) who led anti-emergency movement in Hazaribag during his young age has appreciated NBJK for organizing this meeting and said about the conflict between State Power & People's Powers that resulted as defeat of State Power. Also Mr. Murari Singh (Environmentalist), Mr. Umesh Pratap (Secretary-BJJK, Ichak), Prof. Pramod Kumar (Teacher, Dept. of Political Science, Vinoba Bhave University, Hazaribag), Mr. Krishna Ram Thakur (Ex-Teacher), Mr. Bateshwar Prasad Mehta (Politician), Prof. Subodh Singh Shivgeet (Teacher, Dept. of Hindi, VBU), Dr. Prasann Mishra (Journalist) and Mr. Shamsher Alam (Social Worker) have shared their views. From the chair, Mr. Swarup Chand Jain clarified that disagreement with or protest to the ruling power can't be termed as sedition. He named mob lynching as black spots on our democracy. Mr. Jain called for people's stake to improve our democratic setup and thanked NBJK for the seminar.




## आपातकाल की यादें 25 जून 1975 – विषयक संगोष्ठी

25 जून 2021, हजारीबाग : अमृतनगर स्थित एनबीजेके संयोजन कार्यालय में "आपातकाल की यादें 25 जून 1975" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री स्वरूप चंद जैन (अधिवक्ता) ने किया था.

श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके–राष्ट्रीय लोक समिति) ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आपातकाल के समय में दरअसल एक तानाशाही शासन व्यवस्था थी, जिसमें सरकार के पास जनसामान्य को सताने हेतु असीमित शक्तियां केंद्रित हो गयी थीं. उन्होंने दया, सामूहिक निर्णय और जनता की राय को सम्मान देने जैसी बातों को किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी बतलाया और कहा कि यदि हमें इन मूल्यों को स्थापित करना है तो जाति, धर्म, नस्ल, क्षेत्र, भाषा आदि से जुड़े पूर्वाग्रहों से मुक्ति पानी होगी.

अपनी युवावस्था के समय हजारीबाग में आपातकाल विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले श्री गौतम सागर राणा (पूर्व विधायक) ने एनबीजेके को इस आयोजन हेतु साधुवाद देते हुए कहा कि आपातकाल में राज्य शक्ति बनाम लोक शक्ति का संघर्ष चला और लोक शक्ति विजयी हुई.

संगोष्ठी के दौरान सर्वश्री मुरारी सिंह (पर्यावरणविद), उमेश प्रताप (सचिव–बीजेजेके, इचाक), प्रो० प्रमोद कुमार (शिक्षक, राजनीति विज्ञान विभाग, विभाविवि, हजारीबाग), कृष्णा राम ठाकुर (भूतपूर्व शिक्षक), बटेश्वर मेहता (राजनेता), प्रो० सुबोध सिंह शिवगीत (शिक्षक, हिंदी विभाग, विभाविवि), डॉ० प्रसन्न मिश्र (पत्रकार) और श्री शमशेर आलम (समाजसेवी) ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया.

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री स्वरूप चंद जैन ने स्पष्ट किया कि शासन करने वाली सत्ता से असहमति अथवा उसके विरोध को देशद्रोह नहीं माना जा सकता. उन्होंने मॉब लिंचिंग की घटनाओं को लोकतंत्र पर कलंक माना. आपातकाल विरोधी आंदोलन में गिरफ्तार रहे श्री जैन ने भारतीय लोकतंत्र को समर्थ बनाने में जनभागीदारी की जरूरत पर प्रकाश डाला और इस आयोजन हेतु एनबीजेके को धन्यवाद दिया.

## CASE STORY

### When Life Matters

Mr. Shadab Akhtar is a young man from village-Bhadel, post-Dadpur, PS-Chauparan, district-Hazaribag. His father's name is Mr. Mobin Ansari.

When NBJK/LNJPEH has organized a COVID Care Camp at his village, Shadab was identified with symptoms of Novel Coronavirus. After little queries, it became clear that this young man belongs to a poor family and may not be able to bear proper treatment of COVID-19 pandemic. With permission of his family members, our health workers took Shadab to the COVID Care Center.

Now he was under professional care and followed suitable medication with other protocols at the Center. Within a week, Shadab has defeated the disease and recovered finally. He has been discharged from COVID Care Center and went to his village safely.

Mr. Shadab Akhtar appreciates the initiative by COVID Care Team that enabled him to get good treatment at the Center and saved his life.



## केस स्टोरी

### जब जीवन हो दाँव पर

ग्राम–भदेल, पोस्ट–दादपुर, थाना–चौपारण, जिला–हजारीबाग के श्री शादाब अख्तर एक युवा हैं. इनके पिता का नाम श्री मोबिन अंसारी है.

जब नव भारत जागृति केंद्र की ओर से शादाब के गांव में कोविड केयर कैंप का आयोजन किया गया तो नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षणों के साथ इनकी पहचान हुई. थोड़ी पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हो गया कि यह युवक एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है और संभव है कि कोविड–19 महामारी का समुचित इलाज करवा पाने में यह असमर्थ रहे. शादाब के परिजनों की सहमति से कैंप कार्यकर्ताओं ने इन्हें एनबीजेके संचालित लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल में प्रारंभ कोविड केयर सेंटर में भर्ती कर लिया.

अब शादाब एक मानक के अनुसार पेशेवर देखभाल, दवाइयों के सेवन और अन्य संबंधित प्रोटोकॉल पालन के तहत एक बेहतर स्थिति में थे. एक सप्ताह के अंदर इन्होंने कोरोना संक्रमण को मात दे दिया और पूरी तरह स्वस्थ हो गये. बाद में शादाब को कोविड केयर सेंटर से छुट्टी मिली और इन्हें सकुशल इनके गांव पहुँचा दिया गया.

श्री शादाब अख्तर एनबीजेके की कोविड केयर टीम से काफी प्रभावित हैं और उसकी प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि, "मुझे कोविड केयर सेंटर लाने की पहल करके इन्होंने बड़ा भारी अहसान किया है, वहां बेहतर इलाज मिला और मेरी जान बच गयी."

परिकल्पना : **श्री गिरिजा सतीश**
प्रस्तुति : **विनय भट्ट**
**नव भारत जागृति केन्द्र,** संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित
दूरभाषः +91 9431140385, +91 9835751159
ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinay.bhatta@nbjk.org